


# सूर्यवंशी ने बुमराह की पहली ही गेंद पर मारा छक्का



15 साल के सूर्यवंशी का धमाकेदार प्रदर्शन

**हार्दिक पंड्या ने की निडर बल्लेबाज़ी की तारीफ़**

**सूर्यवंशी गेंदबाज़ों में डर पैदा कर रहे हैं : डेल**

**गुवाहाटी, 08 अप्रैल गुवाहाटी में खेले गए आईपीएल मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज़ वैभव सूर्यवंशी ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाज़ी से न सिर्फ़ दर्शकों बल्कि दिग्गजों को भी प्रभावित किया.**

महज़ 15 साल की उम्र में उन्होंने दुनिया के बेहतरीन गेंदबाज़ों में शुमार जसप्रीत बुमराह के खि़लाफ़ जिस बेख़ौफ़ अंदाज़ में रन बनाए, उसने मैच का रुख़ तय करने में अहम भूमिका निभाई. मैच के बाद हार्दिक पंड्या और डेल स्टेन दोनों ने इस युवा खिलाड़ी की जमकर सराहना की.

राजस्थान रॉयल्स और मुंबई इंडियंस के बीच खेले गए इस मुकाबले में सबसे ज़्यादा चर्चा जिस टक्कर की थी, वह थी युवा वैभव सूर्यवंशी और अनुभवी तेज़ गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह के बीच. क्रिकेट प्रेमियों को उम्मीद थी कि बुमराह की सटीक लाइन-लेंथ के सामने सूर्यवंशी को संघर्ष करना पड़ेगा, लेकिन मैदान पर नज़ारा बिल्कुल उल्टा दिखा. मैच के दूसरे ही ओवर में जब बुमराह गेंदबाज़ी के लिए आए, तो सूर्यवंशी ने बिना किसी झिझक के उनकी पहली गेंद को लॉन्ग ऑन के ऊपर छक्के के लिए भेज दिया. यह शॉट न सिर्फ़ उनके आत्मविश्वास का संकेत था, बल्कि यह भी दर्शाता था कि वह बड़े मंच पर दबाव में नहीं आते. इसके बाद उन्होंने शॉर्ट गेंद पर पुल शॉट खेलते हुए एक और शानदार बाउंड्री लगाई.

सूर्यवंशी यहीं नहीं रुके. उन्होंने ट्रेंट बोल्ट और शार्दुल ठाकुर जैसे अनुभवी गेंदबाज़ों को भी निशाना बनाया. ठाकुर के एक ओवर में उन्होंने दो छक्के और एक चौका लगाकर 17 रन बटोरे. हालांकि उसी ओवर की आखि़री गेंद पर वह कैच आउट हो गए, लेकिन तब तक वह मैच का रुख़ बदल चुके थे.

> मैच के बाद मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या सूर्यवंशी की बल्लेबाज़ी से काफ़ी प्रभावित दिखे. उन्होंने कहा, '15 साल के लड़के को इस तरह खेलते देखना काफ़ी दिलचस्प है. जिस तरह की निडरता उनके खेल में है, वह काबिल-ए-तारीफ़ है. मैं उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं. 'दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज़ गेंदबाज़ डेल स्टेन ने सूर्यवंशी के प्रभाव को और गहराई से समझाया. उनके मुताबिक, यह युवा बल्लेबाज़ गेंदबाज़ों के मन में डर पैदा कर रहा है. स्टेन ने कहा, 'जब कोई बल्लेबाज़ छोटी-छोटी गलतियों पर भी आपको छक्का मार देता है.

## ऑरेंज-पर्पल कैप पर आरआर के खिलाड़ियों का कब्जा




**गुवाहाटी 08 अप्रैल. इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में ऑरेंज और पर्पल कैप पर राजस्थान रॉयल्स के खिलाड़ियों को कब्जा जमा लिया हैं.**

राजस्थान रॉयल्स सलामी के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने मुम्बई इंडियंस के खिलाफ 11-ओवर के मैच में मात्र 32 गेंदों पर नाबाद 77 रन ठोक डाले. इस पारी के साथ टूर्नामेंट में तीन पारियों में उनके 170 रन हो गए हैं और अब उनके पास ऑरेंज कैप है. मुम्बई इंडियंस के खिलाफ जायसवाल की विस्फोटक पारी ने उन्हें समीर रिजवी के रनों से दस रन आगे पहुंचा दिया. दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के इस बल्लेबाज ने दो मैच जिताने वाली पारियों के साथ सीजन की शानदार शुरुआत की है और वह 160 रन पर हैं. उन्होंने हालिया मैच में मुम्बई इंडियंस के खिलाफ 90 रन बनाए थे. अब तक छह अन्य बल्लेबाज़ भी 100 रन के पार पहुंच चुके हैं, जिनमें हाइनरिक क्लासन (सनराइजर्स हैदराबाद), वैभव सूर्यवंशी (आरआर) और रोहित शर्मा (एमआई) शामिल हैं.

### एक नजर में

## हॉकी इंडिया ने 24 सदस्यीय टीम की घोषणा की

**नयी दिल्ली.** हॉकी इंडिया ने 13 से 17 अप्रैल तक अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में होने वाले दौरे के लिए बुधवार को 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की. विश्वस्तरीय अर्जेंटीना टीम के खिलाफ यह चार मैचों का दौरा एफआईएच हॉकी विश्वकप बेल्जियम और नीदरलैंड 2026 और एशियाई खेल के मद्देनजर महत्वूपूर्ण माना जा रहा है. इस टीम में अनुभवी खिलाड़ियों और उभरती हुई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का बेहतरीन मेल है. यह टीम दिखाती है कि हाल के वर्षों में भारतीय महिला हॉकी ने कितनी गहराई हासिल की है और मुख्य कोच सजोर्ड मारिजने टीम से कितने ऊंचे मानकों की उम्मीद करते हैं. अनुभवी मिडफील्डर सलीमा टेटे टीम की कप्तानी जारी रखेंगी. वह भारत के मिडफ़ील्ड को स्थिरता, सूझबूझ और नई ऊर्जा प्रदान करती हैं. शायद टीम में सबसे ज़्यादा बेसब्री से जिस वापसी का इंतजार था, वह है फ़ॉरवर्ड दीपिका की. वह चोट से उबरने के बाद टीम में वापसी कर रही हैं. उनकी वापसी का मुख्य कोच विशेष रूप से स्वागत करेंगे, क्योंकि दीपिका एक ऐसे साल में भारत की मुख्य ड्रैग-फ़्लिकर की भूमिका फिर से संभाल रही हैं, जो टीम के लिए बेहद अहम साबित होने वाला है.



## तेजस का नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज

**हल्द्वानी.** उत्तराखंड में हल्द्वानी के तेजस तिवारी को लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स का प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ है. यह प्रमाणपत्र उन्हें जून 2023 में पांच वर्ष, पांच महीने और सात दिन की आयु में सबसे कम उम्र के एफआइडीई रैंक के शतरंज खिलाड़ी बनने के रिकॉर्ड के लिए प्रदान किया गया .
लिम्का बुक द्वारा प्रमाणपत्र की जारी तिथि जून 2024 है, जबकि यह प्रमाणपत्र उन्हें अप्रैल 2026 में प्राप्त हुआ. तेजस की यह उपलब्धि पूर्व में दर्ज हो चुकी है और अब आधिकारिक प्रमाणपत्र प्राप्त होने से इसकी औपचारिक पुष्टि हुई है. दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल हल्द्वानी के कक्षा तीन के छात्र तेजस ने 3 .5 वर्ष की आयु से शतरंज खेलना शुरू किया. तेजस ने कम उम्र से ही अपने खेल के प्रदर्शन से देश- विदेश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है. इससे पूर्व, तेजस को वर्ष 2024 में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्डस से संबंधित एक शतरंज टूर्नामेंट में भागीदारी के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की ओर से प्रमाणपत्र भी प्राप्त हो चुका है .



## ग्रुप आई में बारिश के कारण भारत थाईलैंड से पिछड़ा

**नयी दिल्ली.** दिल्ली लॉन टेनिस एसोसिएशन स्टेडियम में बिली जीन किंग कप 2026 एशिया-ओसनिया ग्रुप आई मुकाबले में थाईलैंड के खिलाफ अपना पहला मैच हारने के बाद भारतीय महिला टीम बैकफुट पर आ गई है. मंगलवार को दिन की शुरुआत में लगातार बारिश के कारण मुकाबले की शुरुआत में लगभग तीन घंटे की देरी हुई. भारत की वैष्णवी अडकर, जो दुनिया में 383वें नंबर पर हैं और इस प्रतियोगिता में अपना डेब्यू कर रही हैं, एक घंटे 13 मिनट में कम रैंकिंग वाली अंकिसा चांटा से 6-1, 6-3 से हार गईं. दुनिया की 456वें नंबर की थाई खिलाड़ी ने अपने अनोखे दो-हाथ वाले ग्राउंडस्ट्रोक्स का इस्तेमाल करते हुए 4-0 की बढ़त बना ली और पूरे शुरुआती सेट में खेल पर अपना दबदबा बनाए रखा. अडकर ने दूसरे सेट में वापसी के संकेत दिए और शुरुआती बढ़त हासिल कर ली. हालांकि, चांटा ने जोरदार जवाब दिया और लगातार चार गेम जीतकर 4-1 से आगे हो गईं. दूसरे सिंगल्स मुकाबले में, थाई दिग्गज पैचरिन चीपचांडेज, सहजा यमलापल्ली से 6-4, 1-6, 4-3 से आगे चल रही थीं, तभी बारिश ने एक बार फिर खेल में बाधा डाली, जिससे मैच को बुधवार सुबह तक के लिए स्थगित करना पड़ा. इसके बाद डबल्स मुकाबला होगा, जिसमें अंकिता रैना और ऋतुजा भोसले का मुकाबला थाईलैंड की थासापोर्न नाक्लो और पिंगटार्न प्लिप्यूच से होना है.






## पच्चीसवीं वाटर स्पोर्ट्स क्लस्टर चैंपियनशिप शुरू

**टिहरी.** पच्चीसवीं ऑल इंडिया पुलिस वाटर स्पोर्ट्स क्लस्टर चैंपियनशिप हल्की बारिश और ठंडी हवाओं के बीच बुधवार को यहां वाटर स्पोर्ट्स एंड एडवेंचर इंस्टीट्यूट में शुरू हो गयी. उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल माध्यम से चैंपियनशिप का उद्घाटन किया. भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आइटीबीपी) की मेजबानी में हो रही इस चैंपियनशिप में 19 महिला तथा पुरुष टीमों के लगभग 500 खिलाड़ी कैनोइंग, रोइंग एवं कयाकिंग की विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेंगे. मुख्यमंत्री ने विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से आए पुलिस बलों के खिलाड़ियों, अधिकारियों एवं खेल प्रेमियों का देवभूमि उत्तराखंड में स्वागत एवं अभिनंदन किया. उन्होंने कहा कि यह उत्तराखंड के लिए अत्यंत गौरव का विषय है कि राज्य को पहली बार इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय आयोजन की मेजबानी का अवसर प्राप्त हुआ है. उन्होंने कहा कि वाटर स्पोर्ट्स जैसे खेल आपदा प्रबंधन, बाढ़ राहत, नदी में बचाव और तटीय क्षेत्र सुरक्षा जैसे कार्यों में भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं.

# गुजरात ने आखिरी गेंद पर मारी बाजी

## रोमांचक मुकाबले में दिल्ली को 1 रन से हराया

**नई दिल्ली, 8 अप्रैल. गुजरात टाइटंस ने दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल 2026 के रोमांचक मुकाबले में एक रन से हराया. आखिरी गेंद पर दिल्ली को जीत के लिए दो रन चाहिए थे लेकिन कुलदीप यादव रन आउट हो गए. गुजरात टाइटंस ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 210 रन बनाए, इसके जवाब में दिल्ली कैपिटल्स की टीम केएल राहुल और डेविड मिलर की दमदार पारियों की बदौलत 20 ओवर में 8 विकेट पर 209 रन ही बना सकी. इसके साथ ही गुजरात टाइटंस ने लगातार दो हार के बाद जीत का खाता खोला है. टीम को आईपीएल 2026 में पहली जीत नसीब हुई है.**

दिल्ली कैपिटल्स ने 211 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छी शुरुआत की. पथुम निसांका 24 गेंद में 41 रन बनाकर आउट हुए. नितीश राणा पांच रन ही बना सके. समीर रिजवी खाता नहीं खोल सके. डेविड मिलर कलाई में चोट के कारण रिटायर्ड हर्ट हुए. कप्तान अक्षर पटेल दो रन ही बना सके. स्टब्स 7 के स्कोर पर रन आउट हुए. केएल राहुल 52 गेंद में 92 रन बनाकर आउट हुए. विप्रज ने 12 रन का योगदान दिया. आखिरी गेंद पर कुलदीप यादव रन आउट हुए. डेविड मिलर 20 गेंद में 41 रन बनाकर नाबाद लौटे.

गुजरात टाइटंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 210 रन बनाए. गुजरात के लिए जोस बटलर, कप्तान शुभमन गिल और वॉशिंगटन सुंदर ने अर्धशतकीय पारी खेली. गुजरात की तरफ से गिल ने सर्वाधिक 70 रन बनाए. दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने दो विकेट चटकाए.

गुजरात टाइटंस ने पहले बैटिंग करते हुए दूसरे ओवर में साई सुदर्शन का विकेट गंवाया. सुदर्शन 7 गेंद में 12 रन ही बना सके. मुकेश ने उन्हें आउट किया. जोस बटलर 27 गेंद में 52 रन बनाकर पवेलियन लौटे. कुलदीप ने उन्हें क्लीन बोल्ड किया. उन्होंने गिल के साथ दूसरे विकेट के लिए 32 गेंद में 60 रन जोड़े. कप्तान शुभमन गिल ने 45 गेंद में 70 रन बनाए. वह लुंगी एनगिडी का शिकार बने. वॉशिंगटन सुंदर 55 रन बनाकर आउट हुए. ग्लेन फिलिप्स 14 रन बनाकर नाबाद लौटे. राहुल तेवतिया ने एक रन बनाया. दिल्ली की ओर से मुकेश ने दो विकेट लिए. दिल्ली कैपिटल्स ने अरुण जेटली स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है. गुजरात टाइटंस की टीम बिना बदलाव के उतरी है, जबकि गुजरात टाइटंस ने एक बदलाव किया है. शुभमन गिल की वापसी हुई है, कुमार कुशाग्र बाहर हुए हैं.



शुभमन गिल ने कप्तानी पारी में 70 रन बनाए

### स्कोर बोर्ड

गुजरात टाइटंस

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| साई सुदर्शन | 12 | 7 | 2 | 0 |
| शुभमन गिल | 70 | 45 | 4 | 5 |
| जोस बटलर | 52 | 27 | 3 | 5 |
| वॉशिंगटन सुंदर | 55 | 32 | 6 | 2 |
| ग्लेन फिलिप्स* | 14 | 9 | 1 | 1 |
| राहुल तेवतिया* | 1 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त रन 6, कुल रन 210/4**

**दिल्ली गेंदबाजी :** मुकेश कुमार 4-0-55-2, लुंगी एनगिडी, 4-0-24-1, अक्षर पटेल 3-0-32-0, कुलदीप यादव 4-0-42-1, टी नटराजन 4-0-34-0, विप्रज निगम 1-0-23-0

दिल्ली कैपिटल्स

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| पथुम निसांका | 41 | 24 | 6 | 1 |
| लोकेश राहुल | 92 | 52 | 11 | 4 |
| नितीश राणा | 5 | 6 | 1 | 0 |
| समीर रिज़वी | 0 | 1 | 0 | 0 |
| डेविड मिलर* | 41 | 20 | 1 | 0 |
| अक्षर पटेल | 2 | 3 | 0 | 0 |
| ट्रिस्टन स्टब्स | 7 | 6 | 0 | 0 |
| विप्रज निगम | 12 | 7 | 2 | 0 |
| कुलदीप यादव | 1 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त रन 8, कुल रन 209/8**

**गुजरात गेंदबाजी :** मोहम्मद सिराज 4-0-52-1, कगिसो रबाडा 4-0-32-0, राशिद खान 4-0-17-3, अशोक शर्मा 3-0-45-0, प्रसिद्ध कृष्णा 4-0-52-2, वॉशिंगटन सुंदर 1-0-11-0



## क्रिसपिन फिर से भारतीय महिला फुटबॉल टीम का मुख्य कोच हुए नियुक्त

**नयी दिल्ली.** ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन ने आगामी अंतरराष्ट्रीय मैचों पहले क्रिसपिन छेत्री को भारतीय महिला फुटबॉल टीम का मुख्य कोच फिर से नियुक्त किया है. ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन ने मंगलवार को यह घोषणा की. छेत्री ने अमेलिया वाल्वरडे की जगह ली है. अमेलिया का नेशनल टीम के साथ छोटा सा कार्यकाल इस साल की शुरुआत में एएफसी महिला एशियन कप में भारत के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद खत्म हो गया था. अमेलिया ने जनवरी में छेत्री की जगह हेड कोच का पद संभाला था. भारतीय फुटबॉल टीम अभी फीफा सीरीज 2026 केन्या के लिए नैरोबी में है. छेत्रीअने पिछले साल फरवरी में नियुक्त होने के बाद 2026 महिला एशियन कप के क्वालिफायर के दौरान टीम की देखरेख की थी, ने इस फ्रेंडली टूर्नामेंट के लिए 22 सदस्यों की टीम चुनी है. कोचिंग स्टाफ में शामिल होते हुए, सुजाता कर - जिन्हें 2025 में एआईएफएफ महिला कोच ऑफ़ द ईयर चुना गया था - को असिस्टेंट कोच नियुक्त किया गया है.

## ऑस्ट्रेलिया महिला टीम की कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट जारी

**सिडनी, 08 अप्रैल उभरती हुई तेज गेंदबाज लूसी हैमिल्टन और क्लोई आइन्सवर्थ को 2026-27 सीजन के लिए राष्ट्रीय महिला कॉन्ट्रैक्ट दिए गए हैं. ऑस्ट्रेलिया ने कई बड़े टी20 टूर्नामेंट से पहले अपनी तेज गेंदबाज़ी की ताकत को और मजबूत किया है.**

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को 18 खिलाड़ियों की एक लिस्ट जारी की, जिसमें पिछले साल के मुकाबले तीन नए नाम जोड़े गए हैं. इसमें तस्मानिया की ऑलराउंडर निकोला कैरी की भी राष्ट्रीय कॉन्ट्रैक्ट में वापसी हुई है. हैमिल्टन को अपना पहला राष्ट्रीय कॉन्ट्रैक्ट तब मिला, जब उन्होंने मार्च में सिर्फ़ 23 दिनों के अंदर क्रिकेट के सभी फ़ॉर्मेट में डेब्यू किया. 19 साल की इस बाएं हाथ की तेज गेंदबाज ने, जिन्होंने 2025 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम की कप्तानी की थी, होबार्ट में भारत के खिलाफ़ तीसरे वनडे में पहली बार ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के लिए मैच खेला. इसके कुछ ही दिनों बाद वाका मैदान पर उन्हें उनकी 'बैगी ग्रीन' कैप दी गई. इसी महीने के आखिर में सेंट विंसेंट में वेस्ट इंडीज़ के खिलाफ़ उन्होंने टी20 में भी डेब्यू किया. दाएं हाथ की गेंदबाज़ आइन्सवर्थ (20 साल) को अभी तक ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम में शामिल नहीं किया गया है.




> अपने पहले तीन डब्ल्यूबीबीएल सीज़न में आइन्सवर्थ ने 22.30 की औसत से 40 विकेट लिए हैं, उनकी इकॉनमी रेट 6 .96 रही है, और उन्हें दो बार 'टीम ऑफ़ द टूर्नामेंट' में भी शामिल किया गया है. वहीं, कैरी को जनवरी में भारत के खिलाफ़ हुई मल्टी-फ़ॉर्मेट सीरीज़ के दौरान ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापसी करने के बाद राष्ट्रीय कॉन्ट्रैक्ट में अपग्रेड मिला है. अब उन्हें अगले 12 महीनों के लिए टीम में पक्का कर लिया गया है. 32 साल की इस खिलाड़ी ने 2023 में राष्ट्रीय कॉन्ट्रैक्ट लेने से मना कर दिया था, ताकि वे तस्मानिया के साथ ट्रेनिंग और खेलने में ज़्यादा समय बिता सकें. इससे पहले के सालों में वे ऑस्ट्रेलियाई टीम की रिज़र्व खिलाड़ी के तौर पर लंबे समय तक सफ़र पर ही रहती थीं.

## सिनर और अल्काराज ने क्ले-कोर्ट सीजन की शुरुआत जीत के साथ की

**मोनाको, 08 अप्रैल जानिक सिनर और कार्लोस अल्काराज ने दुनिया के नंबर एक स्थान के लिए अपनी होड़ जारी रखी, क्योंकि उन्होंने मोंटे कार्लो मास्टर्स में दूसरे दौर में शानदार जीत के साथ अपने क्ले-कोर्ट सीजन की शुरुआत की.**

बिना कोई सेट गंवाए 'सनशाइन डबल' पूरा करने के बाद, सिनर को फ्रांसीसी खिलाड़ी ह्यूगो हम्बर्ट को 6-3, 6-0 से हराने में सिर्फ़ 64 मिनट लगे - उन्होंने दूसरे सेट में सिर्फ़ छह पॉइंट गंवाए. यह इस इतालवी दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी की लगातार 18वीं मास्टर्स 1000 जीत थी, जिसने अब इस स्तर पर लगातार 36 सेट जीते हैं. अगर सिनर मोनाको में जीत हासिल करते हैं, तो सोमवार को रैंकिंग अपडेट होने पर वह अल्काराज की जगह दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बन जाएंगे.



> मौजूदा चैंपियन अल्काराज ने मंगलवार को बाद में, क्ले पर छह बार के एटीपी टूर चैंपियन, अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बेज के खिलाफ़ 70 मिनट में 6-1, 6-3 से जीत के साथ अपने क्ले-कोर्ट सीजन की शुरुआत की. यह क्ले पर इस स्पेनिश खिलाड़ी का पहला मैच था, जब पिछले साल के रोमांचक फ्रेंच ओपन फ़ाइनल में उन्होंने सिनर को हराया था; उस मैच में वह दो सेट पीछे चल रहे थे, लेकिन उन्होंने तीन चैंपियनशिप पॉइंट बचाते हुए अपना दूसरा रौलां गैरो खिताब जीता था.

**इंडियन प्रीमियर लीग 2026** ▶ पिच पर बल्लेबाज़ों और स्पिनरों दोनों की अहम भूमिका रहेगी

# ईडन गार्डन्स में पहली जीत की तलाश में केकेआर

**कोलकाता, 08 अप्रैल. इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए गुरुवार का मुकाबला बेहद अहम होने वाला है, जब वे अपने घरेलू मैदान ईडन गार्डन्स में लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना करेंगे.**

एक ओर केकेआर अब तक जीत का खाता नहीं खोल पाई है और लय की तलाश में जूझ रही है, वहीं लखनऊ की टीम संतुलित प्रदर्शन के साथ आत्मविश्वास से भरी हुई है. ऐसे में यह मुकाबला सिर्फ़ दो टीमों के बीच नहीं, बल्कि संघर्ष और स्थिरता के बीच की टक्कर बन गया है.

कोलकाता के ऐतिहासिक ईडन गार्डन्स में होने वाला यह मुकाबला आईपीएल 2026 के शुरुआती दौर का एक अहम मोड़ साबित हो सकता है. कोलकाता नाइट राइडर्स जहां लगातार हार के बाद अपनी पहली जीत की तलाश में है, वहीं लखनऊ सुपर जायंट्स अपनी लय को बरकरार रखने के इरादे से मैदान पर उतरेगी.

केकेआर के लिए इस सीजन की शुरुआत उम्मीद के मुताबिक नहीं रही है. टीम की सबसे बड़ी समस्या बल्लेबाज़ी में निरंतरता की कमी रही है. अनुभवी बल्लेबाज़ अजिंक्य रहाणे ने पहले मैच में 40 गेंदों पर 67 रन बनाकर शानदार शुरुआत की थी, लेकिन इसके बाद उनकी पारियों में गिरावट देखने को मिली है. अगले मैचों में उनका प्रदर्शन उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाया, जिससे टीम पर दबाव बढ़ा है. ओपनिंग में फिन एलन ने तेज़ शुरुआत देने की कोशिश की है. उन्होंने एक मैच में 7 गेंदों पर 28 रन बनाकर अपनी आक्रामकता दिखाई, लेकिन अन्य पारियों में वे बड़ी पारी नहीं खेल सके. वहीं, युवा बल्लेबाज़ अंगकृष रघुवंशी ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और टीम के लिए सकारात्मक संकेत दिए हैं, हालांकि पिछले मैच में वे भी जल्दी आउट हो गए. मध्यक्रम में रिंकू सिंह ने टीम को संभालने की ज़िम्मेदारी निभाई है. उन्होंने 33 और 35 रन की पारियों के साथ लगातार योगदान दिया है और संकट के समय टीम के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज़ बनकर उभरे हैं.




> गेंदबाज़ी विभाग में ब्लेसिंग मुजरबानी ने एक मैच में चार विकेट लेकर अपनी क्षमता दिखाई है, लेकिन बाकी गेंदबाज़ों का प्रदर्शन उतार-चढ़ाव भरा रहा है. वैभव अरोड़ा और कार्तिक त्यागी ने विकेट तो लिए हैं, लेकिन उनकी महंगी गेंदबाज़ी टीम के लिए परेशानी बन गई है. स्पिन विभाग में सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती जैसे अनुभवी खिलाड़ी मौजूद हैं, लेकिन टीम को उनसे और अधिक निरंतर प्रदर्शन की उम्मीद है.